# अध्याय - 2 | प्रबंध के सिद्धांत

## QUIZ-01

1. **एफ.डब्ल्यू. टेलर द्वारा प्रस्तावित वैज्ञानिक प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
   A. प्रशासनिक पदों की वृद्धि करना
   B. नौकरी में अदला-बदली करना
   C. वैज्ञानिक तरीकों से कार्यकुशलता बढ़ाना
   D. ट्रेड यूनियनों पर ध्यान केंद्रित करना (C)

*व्याख्या :* वैज्ञानिक प्रबंधन का उद्देश्य समय अध्ययन, मानकीकरण और कार्य विभाजन के माध्यम से उत्पादकता और दक्षता बढ़ाना है।

2. **किस सिद्धांत में मानकीकृत उपकरणों और प्रशिक्षित कर्मचारियों के उपयोग का उल्लेख है?**
   A. अधिकार और उत्तरदायित्व B. समानता (Equity)
   C. वैज्ञानिक प्रबंधन D. विकेंद्रीकरण (C)

*व्याख्या :* वैज्ञानिक प्रबंधन में मानकीकरण और वैज्ञानिक विधियों के माध्यम से कार्य की दक्षता सुनिश्चित की जाती है।

3. **फेयोल के अनुसार 'प्रत्येक कर्मचारी का केवल एक बॉस होना चाहिए' यह किस सिद्धांत से संबंधित है?**
   A. दिशा की एकता (Unity of Direction)
   B. कार्य का विभाजन
   C. आदेश की एकता (Unity of Command)
   D. स्केलर चेन (C)

*व्याख्या :* आदेश की एकता का सिद्धांत भ्रम से बचने के लिए एक कर्मचारी को केवल एक वरिष्ठ से आदेश प्राप्त करने की बात करता है।

4. **किस तकनीक में कार्य करते समय अनावश्यक गतियों का अध्ययन किया जाता है?**
   A. समय अध्ययन B. गति अध्ययन (Motion Study)
   C. थकान अध्ययन D. विधि अध्ययन (B)

*व्याख्या :* गति अध्ययन अनावश्यक गतियों की पहचान करके उन्हें हटाने में सहायक होता है।

5. **स्केलर चेन किसे दर्शाता है?**
   A. ग्राहकों की श्रृंखला
   B. आपूर्तिकर्ताओं के बीच संचार
   C. शीर्ष से नीचे तक अधिकार की औपचारिक रेखा
   D. उत्पादन कार्यों का क्रम (C)

*व्याख्या :* स्केलर चेन संगठन में शीर्ष से निचले स्तर तक अधिकार की औपचारिक रेखा होती है।

6. **टेलर ने फंक्शनल फोरमैनशिप क्यों प्रस्तुत किया?**
   A. कार्य के घंटे बढ़ाने के लिए
   B. मजदूरी कम करने के लिए
   C. शॉप फ्लोर स्तर पर प्रबंधकीय दक्षता बढ़ाने के लिए
   D. पदानुक्रम हटाने के लिए (C)

*व्याख्या :* टेलर ने योजना और निष्पादन कार्यों के विभाजन के लिए यह तकनीक प्रस्तुत की थी।

7. **फेयोल का कौन-सा सिद्धांत कर्मचारियों के साथ न्याय और निष्पक्षता की बात करता है?**
   A. अनुशासन B. स्थायित्व
   C. समानता (Equity) D. क्रम (Order) (C)

*व्याख्या :* समानता कर्मचारियों के साथ निष्पक्ष व्यवहार को दर्शाता है जिससे उनकी वफादारी बनी रहती है।

8. **किस अध्ययन का उद्देश्य विश्राम अंतराल का निर्धारण करना है?**
   A. समय अध्ययन
   B. थकान अध्ययन (Fatigue Study)
   C. गति अध्ययन
   D. विधि अध्ययन (B)

*व्याख्या :* थकान अध्ययन यह निर्धारित करता है कि काम के दौरान कितनी बार और कितनी देर का विश्राम आवश्यक है।

9. **टेलर ने किस प्रणाली में कुशल कर्मचारियों को अधिक वेतन और अक्षम को कम वेतन देने की बात की?**
   A. दिशा की एकता
   B. विभेदात्मक टुकड़ा वेतन प्रणाली
   C. कर्मचारियों का स्थायित्व
   D. केंद्रीकरण (B)

*व्याख्या :* इसमें कार्य प्रदर्शन के आधार पर मजदूरी तय की जाती है जिससे कर्मचारियों में प्रेरणा उत्पन्न होती है।

10. **कौन-सा सिद्धांत प्रत्येक कर्मचारी के पूर्ण विकास और समृद्धि पर बल देता है?**
   A. आदेश की एकता
   B. फंक्शनल फोरमैनशिप
   C. प्रत्येक व्यक्ति का विकास
   D. सरलीकरण (C)

*व्याख्या :* यह सिद्धांत वैज्ञानिक चयन और प्रशिक्षण के माध्यम से कर्मचारी की दक्षता और समृद्धि सुनिश्चित करता है।

मिशन ज्ञान पढ़ो जब चाहो, जहाँ चाहो, जैसे चाहो!
100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES